दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 755.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 10 सितम्बर तक 755.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 13.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 784 मिली मीटर, पुसौर में 887.1, खरसिया में 685.4, सारंगढ़ में 780.1, बरमकेला में 631.5, घरघोड़ा में 762.1, तमनार में 653.6, लैलूंगा में 780.2 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 835.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### शिवनाथ नदी में कूदकर जान देने वाले प्रधान पाठक का शव बहते हुए पहुंचा सिमगा

**रायपुर (आरएनएस)।** बुधवार की सुबह शिवनाथ नदी में कूदकर जान देने वाले प्रधान पाठक का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। बता दें कि प्रधान पाठक का शव बहते हुए सिमगा तक पहुंच गया था। हालांकि अभी तक खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं पाया है। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। लेकिन उसमें केवल अपनी मर्जी से जान देने की बात लिखी गई है। गौरतलब है कि पुलिस को बुधवार सुबह करीब 8 बजे सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने टेमरी गांव से गुजरने वाली शिवनाथ नदी में छलांग लगा दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां बाइक खड़ी मिली। तलाशी लेने के दौरान एक डायरी बरामद हुई, जिससे पता चला कि नदी में कूदने वाले सुदर्शन प्रसाद कोसरिसा (55) ग्राम बेलारी में प्रधान पाठक थे।

### स्कूल जा रही छात्रा को धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** स्कूल जा रही 10 वी की छात्रा को आपचारी बालक ने धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जोगीनगर टिकरापारा निवासी कुमारी सवावित्री ढीमर 14 वर्ष पिता नीलाराम ढीमर ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह 8 सितंबर को 10.45 बजे स्कूल जा रही थी तभी स्कूल मैदान में एक आपचारी बालक उम्र 14 वर्ष संतोषीनगर तरुण बाजार टिकरापारा उसके पास आया व तेरे हाथ में मेरे नाम का जिंदगी रहेगा कहकर उसके कलाई पर धारदार हथियार से मारकर भाग गया। चोट लगने से लड़की के हाथ से खून बहने लगा। मामले की शिकायत पीड़िता अपने मां के साथ जाकर थाने में दर्ज करायी है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 324 के तहत अपराध कायम कर ली है।

### हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास की हुई सजा

**कोण्डागांव (आरएनएस)।** जिले के ई-कार्मे कोरियर सर्विस सेंटर कार्यालय के सुपर वाईजर रोशन यादव की हत्या कोरियर सर्विस में कार्य से हटाने पर नाराज हत्या के तीन आरोपियों बरजेश पाण्डे, राहुल वास्तव, तथा मुकेष मंडावी ने कर दिया था। हत्या के मामले पर आज दिये गये निर्णय में अपर सत्र न्यायाधीश शांतनु कुमार देशलहरे ने धारा 449 भादसं में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड, एवं धारा 394 भादसं में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 302 भादवि. के तहत आजीवन कारावास की सजा के साथ 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया हैं।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**» जिला एवं राजस्व न्यायालयों में खण्डपीठों का किया गया गठन**

**» नेशनल लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों को मिलेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं बस सुविधा का लाभ**

**रायगढ़।** जिला एवं तहसील न्यायालय परिसर रायगढ़ में वर्चुअल/फिजीकल माध्यम से कल नेशनल लोक अदालत 11 सितम्बर 2021 में प्रकरणों के निराकरण हेतु कुल 20 खण्डपीठ का गठन किया गया है। साथ ही श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड हेतु भी अलग से खण्डपीठ का गठन किया गया है। इस लोक अदालत में यह भी विशेष है कि इस लोक अदालत में राजस्व न्यायालय में भी लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर राजस्व न्यायालयों की 30 खण्डपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत बिना किसी खर्च एवं शुल्क के सेवाएँ प्रदान कर रही हैं और लम्बित मामलों में भुगतान किया गया न्याय शुल्क की भी वापसी होगी। यदि मामला लोक अदालत के माध्यम से निपटाया जाता है तो लोक अदालत में पारित अवार्ड के विरुद्ध कोई अपील नहीं होगी।

11 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामले के निपटारे के लिये लोक अदालत का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठायें। अपने लम्बित मामलों या मुकदमा पूर्व मामलों को निपटारे हेतु इच्छुक व्यक्ति अपने विवाद के लिये जिला स्तर पर जिला न्यायालय परिसर में अध्यक्ष/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से तथा तहसील स्तर पर अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समितियों से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

प्ली बार्गेनिग के द्वारा भी किया जा सकेगा अपने मामलों का निपटारा

लोक अदालत में राजीनामा योग्य धन वसूली के मामले चेक बाउन्स मामले में श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के मामले, भरण पोषण के मामले, वैवाहिक मामले, आपराधिक एवं सिविल राजीनामा योग्य मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले न्यायालयों में निराकृत किये जाएंगे। साथ ही राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसान के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर या कब्जे के आधार पर बंटवारे के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के भाडा नियंत्रण के मामले, सुखाधिकार, विक्रय, दान, वसीयत के आधार पर नामान्तरण एवं अन्य प्रकृति के मामले निराकृत किये जाएंगे।



लोक अदालत में छोटे अपराधों के मामले एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रकरणों को भी शामिल किया गया है। जिसे विशेष बैठक द्वारा निराकृत किया जायेगा। इस लोक अदालत में प्ली बार्गेनिंग द्वारा भी प्रकरण निराकृत किये जा सकेंगे। जिसमें 07 वर्ष तक की अधिकतम सजा वाले प्रकरणों को पारस्परिक समाधानप्रद निपटारे द्वारा निराकृत किया जायेगा।

**लोक अदालत हेतु की गई मैराथन मिटिंग**- छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर से प्राप्त एजेण्डा अनुसार, रमाशंकर प्रसाद, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, फाइनेन्स कंपनी, भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य विभिन्न बैंकों के मुख्य प्रबन्धक, बीमा कंपनी के प्रबन्धक, श्रम विभाग, के साथ 26 अगस्त से 08 सितम्बर 2021 तक मैराथन बैठक की गई। साथ ही लगातार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रचार-प्रसार वाहन के द्वारा आडियो-विडियो के माध्यम से, प्राइवेट ऑटो वाहन, रेलवे स्टेशन में बैनर, पाम्पलेट्स, दूरस्थ ग्रामीण अंचल में मुनादी के माध्यम से लगातार व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है।

**निःशुल्क बस सुविधा, वृद्धजनों सहित पक्षकारों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कोविड टीकाकरण (सेकेण्ड डोज)**- नेशनल लोक अदालत में कोविड-19 संबंधी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का परिपालन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिला एवं तहसील न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत में आने वाले मामलों के पक्षकारों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर, स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनके टीकाकरण की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मामलों के पक्षकारों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु समग्र यात्री जनकल्याण समिति की ओर से नेशनल लोक अदालत के दिन मामलों के पक्षकारों को निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य मामलों के निराकरण सम्बन्धी अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-220189 एवं ईमेल dlsa.raigarh@gmail.com में सम्पर्क किया जा सकता है।

## 15 से 30 सितंबर तक जिले में मनाया जाएगा आयुष्मान भारत पखवाड़ा

**रायगढ़।** संचालक स्वास्थ्य सेवायें मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी के द्वारा जिला स्तर पर 15 से 30 सितम्बर 2021 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में आईपीडी एवं ओपीडी के समस्त मरीजों एवं उसके परिवारजनों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान अभियान के तहत जिले के च्वॉइस सेंटर के व्हीएलईएस के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर च्वाइस सेंटर एवं पीडीएस दुकानों में भी निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगे।

आयुष्मान अभियान के तहत पूर्व में बनाए गए आयुष्मान कार्ड (पीभीसी कार्ड) जो व्हीएलईएस को प्राप्त हो चुके है ऐसे कार्डो को कैम्प लगाकर वितरण किया जाएगा। जिले में 23 सितम्बर 2021 को आयुष्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दिन विकासखण्ड मे ग्राम स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन कर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं (आर.एच.ओ., ए.एन.एम, मितानिन) आदि के माध्यम से सरपंच एवं सचिव से समन्वय कर योजना संबंधित जानकारी प्रदाय की जाएगी।




## छाल के नवापारा एसईसीएल कालोनी से चोरी हुई बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 10/09/2021 को थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज एवं हमराह स्टाफ द्वारा पिछले माह स्क्ष्ष्टरु कालोनी नवापारा से चोरी हुई बाइक को आरोपी किरण खटेल निवासी खेदापाली के घर पीछे आरोपी की निशांदेही पर बरामद किया गया है। आरोपी को बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 19/08/2021 को नवापारा एसईसीएल कालोनी में रहने वाले अविल्सन टोप्पो उम्र 24 वर्ष द्वारा सर्विस क्वाटर के नीचे उसकी काले रंग पल्सर बाइक सीजी 13-एजी- 9577 को दिनांक 18-19/08/2021 के रात्रि को अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था, रिपोर्ट पर अप.क्र. 178/2021 धारा 379 आईपीसी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी किया जा रहा था कि आज दिनांक 10/09/2021 को मुखबिर द्वारा ग्राम खेदापाली का किरण खटेल एक चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाश करने की सूचना पर उसके घर जाकर दबिश दिया गया। आरोपी किरण खटेल पिता अमीलाल खटेल उम्र 23 साल निवासी ग्राम खेदापाली थाना छाल से कड़ी पूछताछ पर नवापारा से बाइक चोरी कर घर के पीछे छिपाकर रखना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर पल्सर बाइक सीजी 13 -एजी-9577, कीमती 35,000 रुपए की जप्ती कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



## 'ईजीएल' करा रही बच्चों में भाषायी ज्ञान व आंकिक समझ विकसित

**» जिले के 524 विद्यालयों के 8923 बच्चो हो रहे लाभान्वित**

**रायगढ़।** ईजीएल (अर्ली ग्रेड लिटरेसी)एक ऐसा प्रभावी माध्यम है जो बच्चों में ज्ञान, शिक्षा व बौद्धिक विकास के प्रति सहायक होता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली एवं दूसरी के नौनिहालों को विशेष तौर भाषायी एवं आंकिक ज्ञान से परिचित कराया जाता है। जिससे बच्चे पढ़ने के लिए सक्षम हो सके।

ईजीएल यूनिसेफ, रूम टू रीड तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया है। रायगढ़, खरसिया एवं तमनार विकासखण्ड के सभी 524 विद्यालयों में एक-एक आदर्श ईजीएल कक्ष तैयार किया गया है। जिसकी शुरूआत जुलाई 2001 के अंतिम सप्ताह से की गई है।



ईजीएल सेंटर्स को आदर्श ईजीएल सेंटर्स के रूप में विकसित करना सर्व शिक्षा अभियान तथा समग्र शिक्षा जिला-रायगढ़ का महत्वपूर्ण प्रयास है। इसी संकल्पना को लेकर ईजीएल कक्षाओं के शुभारंभ के लिए संकुल प्रभारी व ईजीएल सेंटर द्वारा अपनी तैयारियां सुनिश्चित कर लिया गया था। ईजीएल एक द्विवर्षीय कार्यक्रम है जो 2021-22 तथा 2022-23 के लिए स्वीकृत है। इसके अंतर्गत नौनिहालों में भाषागत ज्ञान एवं समझ विकसित किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक प्राथमिक शाला में पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। जिसमें नन्हें बच्चे अपनी पसंद व स्तर के अनुरूप विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ सकते है। वर्तमान में बच्चों के लर्निंग आउटकम के आधार पर जिले के 524 विद्यालयों से कक्षा पहली के 4170 तथा कक्षा दूसरी के 4753 बच्चों के लिए ईजीएल सेंटर में पुस्तकें, फर्नीचर, दरियां, टेबल उपलब्ध कराया गया है। ईजीएल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षक के प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही आदर्श पुस्तकालय के लिए शिक्षक प्रभारी बनाया गया है, जिससे बेहतर संचालन हो सके। ईजीएल का एकमात्र उद्देश्य है कि नौनिहालों में भाषायी ज्ञान एवं समझ को विकसित किया जा सके। जिससे बच्चे पढ़ने में रूचि व समर्थ हो सके।

## दो दिनों में खुलेआम शराब सेवन करने वाले 70 व्यक्तियों पर हुई कार्रवाई

**» धरमजयगढ़, कापू, पुसौर में अवैध रूप से महुआ शराब बेचते पकड़े गये आरोपी**

**रायगढ़।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल अशांत करने वालों पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सख्त कार्रवाई करने का निर्देश प्रभारियों को दिया गया है। निर्देशों के परिपालन में पिछले दो दिनों में 70 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है ,जिनमें करीब 95 लीटर शराब की जप्ती हुई है। कार्रवाई दौरान थाना कापू, धरमजयगढ़ एवं पुसौर में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपियों से 05 लीटर से अधिक शराब की जप्ती है। थाना धरमजयगढ़ अन्तर्गत बेहरापारा में आरोपिया अंजेला मिंज पति अमित मिंज उम्र 36 वर्ष सा0 वार्ड क्रं. बेहरापारा से 10 लीटर, थाना कापू अन्तर्गत बालकपोड़ी में आरोपी रामकुमार एक्का पिता सीताराम एक्का उम्र 30 वर्ष सा.बालकपोडी थाना कापू से 12 लीटर, ग्राम चाल्हा में आरोपिया रंगवती बैगा पति स्व.जयराम बैगा उम्र 30 वर्ष सा. चाल्हा थाना कापू से 10 लीटर तथा थाना पुसौर क्षेत्र अन्तर्गत आज दिनांक 10/09/2021 को ग्राम टपरदा में प्रधान आरक्षक मो.दिलदार कुरैशी के हमराह स्टाफ द्वारा आरोपी रवि यादव पिता आनंदराम यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम टपरदा थाना पुसौर के घर शराब रेड कार्रवाई में 09 लीटर शराब जप्त किया गया है। आरोपी रवि यादव पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

## दुर्ग-जम्मूतवी साप्ताहिक सुफा स्पेशल ट्रेन 14 सितम्बर से चलेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमण के मामले थमने और रेल यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन ने 14 सितंबर से दुर्ग-जम्मूतवी-दुर्ग साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ करने जा रही है।

रेल मंडल रायपुर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 08549 दुर्ग-जम्मूतवी साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार 14 सितम्बर से दुर्ग से 12.15 बजे रवाना होकर 12.50 बजे रायपुर 13.43 बजे भाटापारा 14.45 बजे बिलासपुर होते हुए अगले दिन बुधवार को 18.10 बजे जम्मूतवी पहुँचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08550 जम्मूतवी-दुर्ग साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक



गुरुवार 16 सितम्बर से जम्मूतवी से 04.35 बजे रवाना होकर अगले दिन 06.00 बजे पेंड्रा रोड, 08 बजे बिलासपुर, 08.53 भाटापारा, 09.55 रायपुर 11.05 बजे दुर्ग पहुँचेगी।

इस गाड़ी में 06 एसी थ्री, 02 एसी टू , 01 एसी टू कम एसी थ्री, 07 स्लीपर, 01 पेंट्रीकार, 01 लगेज वाहन तथा 03 सामान्य सहित कुल 22 कोचों के साथ चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, सागर, झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, दिल्ली सफदरगंज, अंबाला कैंट, लुधियाना कैंट, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मूतवी स्टेशनों पर दिया गया हैं।

ज्ञात हो कि इस गाड़ी में केवल कन्फर्म टिकट रेल यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी एवं यात्रियों को कोविड के सभी नियमो का कड़ाई से पालन करना होगा।

## शासन की नरवा योजना से खेती-किसानी में आ रही मजबूती

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजनान्तर्गत नरवा कार्यक्रम किसानों के लिए कई मायनों में फायदेमंद साबित हो रही है। कल तक जो किसान वर्षा ऋतु के इंतजार में सिर्फ एक फसल ले पाते थे, ऐसे सभी किसानों के लिए नरवा योजना वरदान साबित हुई है। नरवा के जरिए सिचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आजीविका सशक्त हो रही है और किसानों को खरीफ के साथ ही रबी फसलों के लिए भी पानी मिल रहा है। जिससे खेती-किसानी में मजबूती आ रही है। जिसमें मनरेगा के मजदूरों को रोजगार भी मिला और इस योजना से आसपास की जमीन का भूजल स्तर भी बढ़ रहा है।

नरवा योजना से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन बहुत ही महत्वपूर्ण है। नरवा



कार्यक्रम के तहत बरमकेला विकास खंड के ग्राम पंचायत दुलोपाली के जीरानाला में चेक डैम का निर्माण वित्तीय वर्ष 2019-20 में किया कराया गया है। चेक डैम निर्माण पूर्व वर्षा जल का संचय कर पाना मुश्किल था। साथ ही वर्षा जल द्वारा मिट्टी कटाव एवं बहाव से स्थानीय किसानों को बहुत नुकसान होता था। चेक डैम निर्माण से वर्षा जल का जल संग्रहण कार्य किया जा रहा है, साथ ही मिट्टी के कटाव में रोकथाम भी हो रही है। अल्प वर्षा की स्थिति में जल का उपयोग सिचाई कार्य में भी किया जा रहा है तथा मवेशियों के उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण भी किया जा रहा है। चेक डैम निर्माण से स्थानीय क्षेत्र में जल स्तर में वृद्धि भी हो



रही है। चेक डैम के पास लगभग 15 किसानों की भूमि है जो कि वह कृषि कार्य करते है। चेक डैम निर्माण पूर्व जहां किसानों द्वारा एक फसल लेना मुश्किल था, जो डैम बनने के बाद खरीफ एवं रवि दोनों फसल ले रहे है। जिससे किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो रहा है। चेक डैम के पास स्थित कृषि भूमि हितग्राहियों द्वारा धान की खेती के अलावा सरसो, मूंगफली, उडद, मूंग, बैगन, बरबट्टी, करेला, मिर्ची, अदरक, भिंडी जैसे उद्यानिकी फसलों का भी उत्पादन किया जा रहा है। चेक डैम बनने के बाद किसानों की आय में वृद्धि होने से वे सभी किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तहेदिल से आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480